POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 24.05.2026

1.थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- दिनांक 05/06.05.2026 को थाना सूरजपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम साकीपुर में नाली के पानी की निकासी एवं कूडा डालने को लेकर हुए विवाद में साजन भाटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसके सम्बन्ध में मृतक साजन भाटी के परिजन (चाचा) द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तत्काल मु0अ0सं0 243/2026 धारा 103(1)/115(2)/352/351(3)/3(5) बीएनएस पंजीकृत करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 24.05.2026 को थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से उक्त घटना में वांछित 02 अभियुक्त 1.गौरव उर्फ भोला 2.मनीष उर्फ मन्नू पुत्रगण रिषीपाल निवासीगण ग्राम साकीपुर थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर को ईएऩटी की तरफ जाने वाले बन्द रास्ते से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तगण विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये थे। उक्त घटना में थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा 06 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. गौरव उर्फ भोला पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम साकीपुर थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर उम्र 21 वर्ष
2. मनीष उर्फ मन्नू पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम साकीपुर थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर उम्र 19 वर्ष

अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 243/2026 धारा 103(1)/115(2)/352/ 351(3)/3(5)/61(2) बीएनएस थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर।

2.थाना जारचा पुलिस द्वारा कम्पनी से चोरी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया सामान, चोरी की एक मोटर साइकिल व अवैध शस्त्र बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 24.05.2026 को थाना जारचा पुलिस द्वारा अभियुक्त दुष्यन्त पुत्र बहादुर सिंह को समाना नहर के पास से **गिरफ्तार** किया गया है।

घटना का विवरण-- अभियुक्त द्वारा किर्लाेस्कर कम्पनी एनटीपीसी में दिनांक 15.11.2025 को कापर तार चोरी करने की घटना कारित की गयी थी उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना जारचा पर मु0अ0सं0 196/2025 धारा 305/331(4)317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था तथा दिनांक 10.12.2025 को कस्बा जारचा में बकरी चोरी की घटना की गयी थी जिसके सम्बन्ध में मु0अ0स0 214/2025 धारा 305(2), 317(2) बीएनएस थाना जारचा गौतमबुद्धनगर पर पंजीकृत किया गया था जिसमें उक्त अभियुक्त वांछित चल रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. दुष्यन्त पुत्र बहादुर सिंह निवास ग्राम ऊंचा अमीरपुर थाना जारचा गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 25 वर्ष ।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास--

1. मु0अ0स0 196/2025 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस थाना जारचा गौतमबुद्धनगर
2. मुअ0सं0 214/2025 धारा 305(2), 317(2) बीएनएस थाना जारचा गौतमबुद्धगनगर
3. मु0अ0स0 90/2026 धारा 3/25 आयूध अधि0थाना जारचा गौतमबुद्धनगर
4. मु0अ0सं0 1235/15 धारा 379,411 भा.द.वि थाना कविनगर गाजियाबाद
5. मु0अ0स0 1133/15 धारा 414,411 भा.द.वि. , 41/102 आरपीसी थाना सिहानी गेट गाजियाबाद
6. मु0अ0स0 1132/15 धारा 25/4 आर्म्स एक्ट थाना सिहानी गेट गाजियाबाद
7. मु0अ0स0 524/15 धारा 379,411 भा.द.वि थाना पिलखुवा हापुड़
8. मु0अ0स0 686/20 धारा 420,406,504,120बी भा.द.वि थाना गुलावठी बुलंदशहर

बरामदगी का विवरण--

1. कब्जे से कापर तार वजन करीब 25 कि0ग्रा0 (सम्बन्धित मु0अ0सं0 196/2026 धारा 305/334(4)/317(2) बीएनएस)
2. एक मोटर साईकिल पेशन प्रो0 रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 80 सीयू 6332
3. एक अवैध तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस (सम्बन्धित मु0अ0स0 90/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम)